**दिनांक : 13.05.2025** **समय : 07.10 PM**

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने आदमपुर में जवानों से की मुलाकात, कहा देश के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की है क्षमता।
- विदेश मंत्रालय ने कहा काश्मीर को लेकर किसी देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं।
- राज्य मंत्रिपरिषद ने जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ रूपये से अधिक की योजना को दी मंजूरी।
- 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित, 12 वीं में प्रदेश का रिजल्ट 82 दशमलव 46 प्रतिशत रहा।

**अब समाचार विस्तार से–**

**प्रधानमंत्री-सम्बोधन आदमपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने यह बात पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया है और एक सौ से अधिक आतंकवादियों का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पाकिस्तानी सेना पर ये आतंकवादी निर्भर थे, उसे भारतीय सशस्त्र बलों ने हरा दिया है।

**विदेश मंत्रालय -- ब्रीफिंग**

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से जुड़े किसी भी मुद्दे पर भारत का रुख लंबे समय से कायम है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों को भारत और पाकिस्तान को द्विपक्षीय रूप से सुलझाना होगा। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले पर भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने

कहा कि लंबित मुद्दा पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना है।

**मुख्यमंत्री सीइन्वेस्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बेंगलुरु में सीइन्वेस्ट इन एमपीसी सत्र में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ इन मध्यप्रदेश' विषय पर आयोजित इन्टरैक्टिव सेशन को संबोधित कर राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और नीतिगत प्रतिबद्धताओं को देश के अग्रणी निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। मुख्यमंत्री निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों के माध्यम से सीधे संवाद करेंगे। इन संवादों में आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, ऑटोमोबाइल, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी सेक्टर के प्रमुख निवेशक शामिल होंगे।

**बसों की जांच**

भोपाल में कल हुई स्कूल बस दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर पूरे प्रदेश में परिवहन विभाग और पुलिस ने मिलकर वाहनों की सघन चेकिंग शुरू कर दी है। भोपाल में दिनभर विभिन्न चौराहों पर आरटीओ, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें कमर्शियल, स्कूल और यात्री बसों की फिटनेस, परमिट, रजिस्ट्रेशन और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच करती हुई नज़र आई।

इस दौरान जिन वाहनों में दस्तावेज अधूरे या फिटनेस वैध नहीं पाई गई, उनके चालकों और मालिकों पर सख्त कार्रवाई भी की गई।

**कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में आज मानव-हाथी द्वंद को कम करने और जंगली हाथियों के प्रबंधन के लिए 47 करोड़ 11 लाख 69 हजार रुपये की योजना को स्वीकृति दी गयी। प्रदेश के ऐसे संरक्षित क्षेत्र जहाँ हाथियों का आवागमन या उपस्थिति है इसमें जंगली हाथियों की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम, वन्यजीव द्वंद को रोकने के लिए

विभिन्न संरचनाएं बनाई जाएंगी। ई-आई सर्विलेंस की स्थापना और संचालन किया जाएगा। वन्य-प्राणियों के रेस्क्यू और पुनर्वास के लिए कार्य किया जाएगा।

कैबिनेट में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय बताया कि रायसेन के गौहरगंज में बड़ी औद्योगिक ईकाईयां लगाने की तैयारी हो रही है। "भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड भारत सरकार का एक संस्थान है। इसको गौहरगंज के पास जमीन आवंटित की जा चुकी है। यहां हाई स्पीड रेल और मेट्रो ट्रेन के कोच तैयार किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदायों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि इनकी पुरानी पृष्ठभूमि अथवा पूर्व धारणा के आधार पर इन जातियों के सभी लोगों को अपराधी ना माना जाए। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में भी जातिगत संबोधन से संबोधित ना किया जाए। अपराधियों की जानकारी में जातियों का उल्लेख नहीं किया जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज समत्व भवन में विभाग की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिला स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा इन जातियों के ऐसे लोगों को अपराधों से विमुख करने के लिए प्रयास किया जाए। बैठक में राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने बताया कि प्रदेश की वक्फ समितियों का डिजिटलाइजेशन राजस्व विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश वक्फ समितियों के डिजिटलाइजेशन सहित अन्य कार्यों में मध्यप्रदेश मॉडल के रूप में कार्य कर रहा है।

**सीबीएसई □रिणाम**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई के 10oha 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। इस वर्ष **88 दशमलव तीन-नौ** प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की जो पिछले वर्ष की तुलना में **अधिक** है। प्रदेश में रिजल्ट 82. 46 प्रतिशत रहा। वहीं

कक्षा 10 वीं में 93.66 प्रतिशत छात्र बोर्ड परीक्षा में सफल हुए हैं- जो पिछले साल से अधिक है। प्रदेश में 10वीं का परिणाम 92.71 रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम छात्रों के संकल्प, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिचायक हैं।

**मुद्रा स्फीति - अप्रैल**

देश में मंहगाई की  दर लगातार कम होती जा रही है और यह जुलाई 2019 के बाद से अब तक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। आज सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडों के अनुसार देश में अप्रैल में खुदरा मुद्रा स्फीति की दर तीन दशमलव एक-छह प्रतिशत रही, जो मार्च में तीन दशमलव तीन-चार प्रतिशत थी। पूरे देश के उपभोक्ता खाद्य मूल्य मुद्रा स्फीति पर आधारित खाद्य मुद्रा स्फीति दर फिलहाल एक दशमलव सात-आठ प्रतिशत बताई गई है जो मार्च में दो दशमलव छह-नौ प्रतिशत थी।

**मौसम**

प्रदेश में इन दिनों लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कहीं बारिश तो कहीं तेज गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए भोपाल हरदा भिंड मुरैना और इन्दौर सहित 41 जिलाकें के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच आज दिन भर इन्दौर, भोपाल में बादल छाये रहे और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने रीवा, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में मौसम साफ रहने और गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। प्रदेश में कल दिन का तापमान फिर से 41 डिग्री के पार पहुंच गया है। सबसे गर्म खजुराहो रहा। जहां तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया PTI के भोपाल कार्यालय में पदस्थ वरिष्ठ संवाददाता अनिल दुबे के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार स्व. अनिल दुबे ने सदैव जनहित के मुद्दों पर पत्रकारिता की।

- शिवपुरी के श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में आज प्रशिक्षण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।
- सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट में हुए एमओयू के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के लिये एक विशेष "सीपीपीपी विंग" की स्थापना के निर्देश दिए।
- जबलपुर विकास प्राधिकरण वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट विकसित करने गैर योजना मद के तहत ढाई करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य कराएगा।